# रक्षा इकाइयों को आवंटित हुई 1000 हेक्टेयर जमीन

## यूपी डिफेंस कॉरिडोर : 57 कंपनियों को छह नोड्स में हुआ आवंटन

लखनऊ। यूपी डिफेंस कॉरिडोर के तहत अब तक लगभग 1000 हेक्टेयर जमीन रक्षा इकाइयों को आवंटित की गई है। ये जमीन 57 कंपनियों को छह नोड्स में दी गई है। कम से कम 50 अन्य कंपनियों को जमीन आवंटित की जा रही है। नए निवेश के रूप में 15 हजार करोड़ रुपये लगभग फाइनल हैं जबकि 30 हजार करोड़ का निवेश आ चुका है। कई प्रमुख कंपनियों ने वाणिज्यिक उत्पादन भी शुरू कर दिया है।

अदाणी डिफेंस सिस्टम्स एंड टेक्नोलॉजी लिमिटेड ने दक्षिण एशिया की सबसे बड़ी एकीकृत गोला बारूद सुविधा स्थापित करने के लिए कानपुर में 1500 करोड़ का निवेश किया है। अमितेक इलेक्ट्रॉनिक लिमिटेड ने 330 करोड़ और वेरीविन डिफेंस प्राइवेट लिमिटेड ने 65 करोड़ के निवेश के साथ अलीगढ़ में काम शुरू कर चुकी है। ये कंपनियां इलेक्ट्रॉनिक युद्ध, सेटेलाइट सिस्टम और छोटे हथियारों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

कानपुर में आधुनिक मटेरियल एंड साइंसेज प्रा. लि. 35 करोड़ और एआर पॉलिमर्स प्राइवेट लिमिटेड 48 करोड़ से रक्षा वस्त्र और बैलिस्टिक ग्रेड पॉलिमर सामग्री का उत्पादन कर रहे हैं। 400 करोड़ की लागत वाली रक्षा परीक्षण अवसंरचना योजना से कानपुर और लखनऊ में उन्नत परीक्षण सुविधा मिलेगी। ब्यूरो